भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 491 का उत्तर

अयप्पा स्वामी तीर्थयात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेनें

491. श्री पुट्टा महेश कुमार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का आंध्र प्रदेश के अयप्पा स्वामी के भक्तों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए मंडला-मकरविलक्कू सीजन के दौरान विशाखापत्तनम/काकीनाडा से चेंगन्नूर (सबरीमाला) तक स्पेशल ट्रेनें शुरू करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त ट्रेनों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने तीर्थयात्रा सीजन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए दक्षिण मध्य रेलवे में ऐसी विशेष रेलगाड़ियां शुरू करने की व्यवहार्यता की जांच की है; और

(घ) यदि हाँ, तो सरकार आंध्र प्रदेश से सबरीमाला तक अय्यप्पा स्वामी के तीर्थयात्रियों के लिए सही ट्रेन कनेक्टिविटी और सुरक्षित तथा आरामदायक यात्रा सुविधाएँ सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठा रही है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार फैला होता है, अतः विशेष गाडियों सहित अन्य गाड़ी सेवाएं उन सीमाओं के आर-पार नेटवर्क की आवश्यकतानुसार शुरू की जाती हैं।

भारतीय रेल नियमित गाड़ियों में उपलब्ध स्थानों की कमी की पूर्ति करने और त्योहारों, छुट्टियों, धार्मिक आयोजनों आदि के दौरान यात्रियों की यात्रा आसान बनाने के लिए विशेष गाड़ी सेवाओं का परिचालन करती है। तदनुसार, मंडला-मकरविलक्कु पूजा के दौरान यात्रियों की सबरीमाला यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए, भारतीय रेल ने दक्षिण मध्य रेल तथा पूर्व तट रेल से विशेष गाड़ियों की लगभग 200 यात्राओं को अधिसूचित किया है, इनमें विशाखापत्तनम के लिए 20 और काकिनाडा के लिए 18 विशेष गाड़ियों की यात्राएं शामिल हैं।

****